भारत सरकार
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3114
उत्तर देने की तारीख 15 मार्च, 2021
सोमवार, 24 फाल्गुन, 1942 (शक)

उत्तर प्रदेश में आत्मनिर्भर भारत अभियान

†3114 श्री संगम लाल गुप्ता:

क्या **कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत अब तक कितने युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है;

(ख) उत्तर प्रदेश में वर्तमान में कितने केंद्र स्थापित किए गए हैं और उन संस्थानों में किन क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है; और

(ग) उन सेवा केंद्रों का ब्योरा क्या है जहां प्रशिक्षण के बाद रोजगार प्रदान किया गया है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री राज कुमार सिंह)

(क) से (ग) सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय विनिर्माण, स्थानीय बाजार और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से 12.05.2020 को आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा की थी। आत्मनिर्भर भारत के तहत, कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय ने प्रशिक्षित कुशल जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए विभिन्न पहल की हैं। मंत्रालय अपनी महत्वाकांक्षी योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के माध्यम से, उत्तर प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में संबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं/प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से 37 क्षेत्रों में अल्पावधि कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-2020) स्कीम के तहत, 19.01.2021 तक, देश भर में 106.96 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश के 15.87 लाख उम्मीदवार शामिल हैं। इस स्कीम के तहत, उत्तर प्रदेश में 404 प्रशिक्षण केंद्र प्रचालनरत हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने कुशल व्यक्तियों की सहायता के लिए कुशल आजीविका के अवसर तलाश करने के लिए आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मैपिंग (असीम) पोर्टल प्रारम्भ किया है। इस पोर्टल पर 05.03.2021 तक 1.29 करोड़ कुशल कर्मचारी दर्ज़ किए गए हैं और लगभग 8.4 लाख जॉब ऑफर किए गए हैं।

****